हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार, 20 अगस्त 2025


तापमान

अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री


11 पटौदी रोड की राजस्व सीमा में चली डीटीपी की जेसीबी 4 एकड़ की अवैध कॉलोनी जमींदोज





12 धारूहेड़ा में अतिक्रमण व अवैध कब्जों से सिकुड़ी सड़कें, शहरवासी जाम से परेशान




## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर तोड़फोड़ के आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने घर में घुसकर तोड़फोड़ करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 17 अगस्त को पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने सराय बलभद्र निवासी रजनीकांत व शक्ति नगर निवासी सुनील को काबू किया है। कब्जे से वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद किया गया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### गैंबलिंग एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना रामपुरा पुलिस ने जून माह में गैंबलिंग एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 17 जून को जुआ खेलने के आरोप में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ गैंबलिग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। एक आरोपी लाधूवास निवासी सुनील मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में उसे भी गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ करने के मामले में एक और आरोपी को करबू किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर 17 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को पहले ही काबू कर लिया था। झज्जर के नया गांव निवासी सागर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### युवती के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

धारूहेड़ा। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव से युवती का अपहरण करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 13 अगस्त को अपहरण का केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने जांच के बाद क्षेत्र के ही एक गांव निवासी मनीष को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### बस की चपेट में आकर महिला की मौत

रेवाड़ी। पोसवाल चौक पर मंगलवार सुबह बस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बस चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। राजस्थान के अलवर जिले के पड़सा का बास गांव निवासी रेखा विजय नगर आई हुई थी। सुबह के समय वह पोसवाल चौक पर रोड पार कर रही थी। तेज रफ्तार बस ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में रेखा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मानसून सीजन में खराब हुई गेंदे की फसल, उत्पादन कम होते ही आसमान छूने लगे भाव

# गेंदे की फसल पर मौसम की मार, भाव बढ़े तो किसान नजर आए लाचार, इस बार रकबा बढ़ने के आसार

■ किसानों ने बड़ी संख्या में गेंदे की पौध लगाना शुरू कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गेंदे की खेती की ओर किसानों का रुझान बढ़ने लगा है। इस बार मानसून सीजन से पहले ही गेंदे की फसल बुरी तरह प्रभावित हो गई, जिससे कम उत्पादन ने गेंदे के दाम आसमान पर पहुंच दिए। जब भाव अच्छे मिल रहे हैं, तो किसानों के पास गेंदा नहीं है। जब उत्पादन अच्छा होता है, तो किसानों को पर्याप्त दाम नहीं मिल पाते। इस समय गेंदे के फूलों के दाम काफी बढ़े हुए हैं, जिस कारण किसानों ने बड़ी संख्या में गेंदे की पौध लगाना शुरू कर दिया है। जिले में गेंदे की खेती ने लगभग पांच साल से रफ्तार पकड़ना शुरू किया हुआ है। चंद एकड़ से गेंदे के फूलों की खेती शुरू हुई थी, जो अब हजारों



रेवाड़ी। ढाणी कोलाना में एक खेत में खड़ी गेंदे की फसल। फोटो :हरिभूमि

हेक्टेयर में पहुंच चुकी है। जिले के किसान लगभग 2 हजार हेक्टेयर में गेंदा उगाते हैं। गेंदे के फूलों की डिमांड खास मौकों पर बढ़ती है। जब भी डिमांड बढ़ती है, किसानों को इसके अच्छे दाम मिलते हैं। डिमांड कम होने पर किसानों के लिए खर्च निकालना भी मुश्किल हो जाता है। इस बार बड़ी संख्या में मानसून सीजन से पहले किसानों की गेंदे की फसल मौसम की भेंट चढ़कर खराब हो गई थी। इससे गेंदा उत्पादन काफी कम हो गया। स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर पूरे देश में गेंदे के फूलों की डिमांड ज्यादा रही, जिस कारण दिल्ली की गाजीपुर मंडी में गेंदे के दाम 200 रुपये 250 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए। आमतौर पर गेंदे के फूल गाजीपुरमंडी में 30 रुपये से लेकर 50 रुपये प्रति किलोग्राम तक रहते हैं। मौसम की मार देखते हुए जो किसान अपनी फसल बचाने में कामयाब रहे, उन्हें इस बार गेंदे की फसल ने मालामाल कर दिया। अगस्त माह में गेंदा उत्पादन किसानों की जमकर कमाई हुई है, जिस कारण किसानों ने दीवाली पर्व के लिए गेंदा लगाना शुरू कर दिया है।

### तीन बार उगा सकते हैं गेंदे की फसल

बागवानी अधिकारी रूपसिंह के अनुसार फसल विविधिकरण के रूप में किसान गेंदे की फसल अपनाकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। गेंदे की फसल साल में तीन बार उगाई जा सकती है। किसान अगर डिमांड को ध्यान में रखते हुए सही समय पर पौधरोपण करते हैं, तो उन्हें गेंदे की फसल से अच्छा मुनाफा हो सकता है। इस समय पौधरोपण की गई फसल दिवाली पर्व तक तैयार हो जाएगी। दिवाली पर्व पर डिमांड ज्यादा होने के कारण किसानों को अच्छे दाम मिल सकते हैं। जिन किसानों के पास इस समय फसल तैयार है, उन्हें अच्छे दाम मिल रहे हैं। किसान आगामी सीजन के लिए अभी से पौधरोपण कर रहे हैं।

### दाम बढ़ने पर अच्छी कमाई निश्चित

जब भी दिल्ली की मंडियों में गेंदे के फूलों के दाम बढ़ते हैं, किसानों की अच्छी कमाई के रास्ते खुल जाते हैं। जिले के कई किसानों के खेतों में अभी भी गेंदे की फसल तैयार खड़ी है, जिसकी बिक्री से उन्हें अच्छा फायदा मिल रहा है। किसानों के मुताबिक अच्छे दाम मिलने की स्थिति में गेंदा एक एकड़ में 2 लाख रुपये तक का मुनाफा दे सकता है। यह रबी और खरीफ दोनों फसलों के मुकाबले काफी अधिक होता है। किसानों के लिए समस्या यह है कि उन्हें फूल बेचने के लिए दिल्ली की दौड़ लगानी पड़ती है। आसपास की मंडियों में गेंदे की खपत नहीं है, जिस कारण यहां फूलों के पर्याप्त दाम नहीं मिल पाते।

### दीवाली पर्व की तैयारी में पौधरोपण

गेंदा उत्पादक किसानों ने अक्टूबर माह में दीवाली पर्व को देखते हुए गेंदे की पौध लगाना शुरू कर दिया है। इस समय लगाई गई पौध से दीवाली पर्व तक फूल तैयार हो जाएंगे। इस पर्व भी गेंदे के फूलों की बाजार में जबरदस्त डिमांड होती है, जिससे किसानों को दीवाली पर गेंदा बेचने से अच्छा मुनाफा होता है। पहले किसान गुरूग्राम क्षेत्र से गेंदे की पौध लेकर आते थे, परंतु अब किसानों ने बीच से खुद की पौध तैयार करना शुरू कर दिया है। इससे फसल की उत्पादन लागत में कमी आई है।

## आईजीयू में रैगिंग न करने की ली शपथ, अमेरिका के टैरिफ प्रभाव पर की गई चर्चा



रेवाड़ी। कार्यक्रम में शपथ लेते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के वाणिज्य विभाग में वाणिज्य क्लब के तत्वावधान में ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। सत्र का विषय था इंडों-यूएस संबंधों में बदलते परिदृश्य-अमेरिकी टैरिफ नीतियों की भूमिका रहा। मुख्य वक्ता डा. मेघा सैनी सहायक प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ने छात्रों, शोधार्थियों और शिक्षकों को संबोधित किया। डा. मेघा ने बताया कि टैरिफ क्यों लगाए जाते हैं, उनके क्या प्रभाव होते हैं तथा इस प्रकार के व्यापारिक विवादों को किस प्रकार सुलझाया जा सकता है। अमेरिकी टैरिफ नीतियां केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि कूटनीतिक संबंधों, रणनीतिक साझेदारी और वैश्विक शक्ति-संतुलन को भी प्रभावित करती हैं। इनसे भारतीय उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक चुनौतियां मिलती हैं और निर्यातक वर्ग पर सीधा दबाव पड़ता है। ऐसे में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग, समझौते और सतत संवाद ही दीर्घकालिक समाधान का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा. अदिति शर्मा ने छात्रों व शोधार्थियों को इस क्षेत्र में जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया। व्याख्यान के बाद छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों ने एंटी-रैगिंग शपथ ली। इस पहल का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर में रैगिंग को पूरी तरह समाप्त करना और एक सुरक्षित, भयमुक्त एवं सकारात्मक शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित करना है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा. शर्मा ने कहा कि रैगिंग न केवल दंडनीय अपराध है, बल्कि यह छात्रों के मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सहयोग दें और विश्वविद्यालय परिसर को सुरक्षित बनाए रखें। कार्यक्रम में वाणिज्य क्लब के संयोजक डा. विजय सिंह, सह-संयोजक डा. ईश्वर सिंह, सचिव डा. प्रियंका रंगा तथा संयुक्त सचिव डा. संदीप कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डा. विजय सिंह ने डा. मेघा सैनी का आभार व्यक्त किया। आईजीयू में रैगिंग न करने की शपथ ली।

*ओवरलोड वाहनों से वसूला गया 9.98 लाख रुपये जुर्माना*

## सीएम फ्लाइंग का ओवरलोडिंग पर एक्शन नेशनल हाइवे पर 15 वाहन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीएम फ्लाइंग ने सोमवार की रात दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर एक बार फिर ओवरलोड वाहनों की चेकिंग शुरू की। इस कार्रवाई में 15 वाहन पकड़कर उनसे लगभग 10 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। इस कार्रवाई के बाद ओवरलोड वाहन सड़क से गायब हो गए। एनएच-48 से बड़ी संख्या में ओवरलोड वाहन राजस्थान से गुरूग्राम और दिल्ली की ओर निकलते हैं। इनमें बड़ी संख्या में डंपर शामिल होते हैं, जो राजस्थान से क्रशर, रोड़ियां और अन्य भवन निर्माण सामग्री गुरूग्राम, फरीदाबाद और दिल्ली की ओर ले जाते हैं। यह वाहन रात के समय ही निकलते हैं, जिस कारण सीएम फ्लाइंग भी रात को ही मोर्चा संभालती है। सीएम फ्लाइंग ने सोमवार रात को आरटीए की टीम के साथ जयसिंहपुर खेड़ा बैरियर से लेकर कसोला चौक तक वाहनों की चेकिंग शुरू की। इस कार्रवाई में एक के बाद एक 15 ओवरलोड डंपर चपेट में आ गए। आरटीए स्टाफ की ओर से इन डंपरों का वजन कराते हुए ओवरलोडिंग के हिसाब से 9.98 लाख रुपये जुर्माना किया गया। सूचना लीक होने के बाद बड़ी संख्या में ओवरलोड वाहनों को राजस्थान की सीमा में ही रोक दिया गया, जिसके बाद सीएम फ्लाइंग को ऐसे वाहन नहीं मिले।





रेवाड़ी। सीएम फ्लाइंग ने पकड़े ओवरलोड़ वाहन, मौके पर मौजूद सीएम फ्लाइंग टीम। फोटो :हरिभूमि

### घंटों सड़क से गायब रहे वाहन

नेशनल हाइवे पर चेकिंग शुरू होते ही डंपर चालकों तक तुरंत सूचना पहुंच जाती है। चेकिंग की जद में वही वाहन आते हैं, जो पहले खेड़ा बैरियर पार कर चुके होते हैं। बाद में ओवरलोड वाहनों को खेड़ा बॉर्डर के पास राजस्थान की सीमा में ही रोक दिया जाता है। दूसरे प्रदेश में वाहनों पर एक्शन लेने का अधिकार आरटीए टीम के पास नहीं होता, जिस कारण यह वाहन चेकिंग स्टाफ के लौटने के इंतजार में खड़े कर दिए जाते हैं। रात को चेकिंग शुरू होने के बाद घंटों तक जयपुर हाइवे से ओवरलोड वाहन गायब रहे।

## पुलिस ने सुलझाई नवीन हत्याकांड की गुत्थी गांव के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ शराब के नशे में कहासुनी के बाद दिया वारदात को अंजाम, कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते रविवार की रात मनेठी में हुई युवक नवीन कुमार की हत्या की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सुलझा दी है। पुलिस ने हत्या के आरोप में गांव के ही दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। दोनों आरोपियों ने साथ में शराब



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते डीएसपी जोगेंद्र शर्मा।

पीते हुए आपसी कहासुनी होने पर नवीन की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी। मनेठी निवासी लगभग 35 वर्षीय नवीन कुमार 17 अगस्त की शाम को घर से बाइक लेकर टीकवाड़ गांव में मेले में जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह सुबह तक घर नहीं लौटा। सोमवार सुबह गांव के ही योगेश ने श्मशान घाट के पास नवीन का खून से लथपथ शव देखकर पुलिस व उसके भाई मितलेश को फोन पर सूचित किया। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। डीएसपी और सीन ऑफ क्राइम टीम भी मौके पर पहुंच गए थे।शव के पास खून से सना हुआ एक पत्थर भी पड़ा मिला था, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया था। पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया था। मृतक के भाई मितलेश के बयान पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी।

### नशा होने के बाद हुआ था विवाद

पुलिस ने नवीन हत्याकांड में तुरंत कार्रवाई करते हुए उसी के गांव मनेठी के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों ने पूछताछ में बताया कि शराब पीने के बाद नशा होने पर उनका नवीन के साथ विवाद हो गया था। इसके बाद उन्होंने उसके सिर पर पत्थर से वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई।

-जोगेंद्र शर्मा, डीएसपी।

### गांव के ही निकले दोनों हत्यारोपी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सीआईए व पुलिस टीमों का गठन करते हुए जल्द हत्या के आरोपियों का पता लगाने के आदेश दिए थे। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में मनेठी निवासी बिजेंद्र उर्फ एसपी और गोविंद उर्फ बिंडा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों ने नवीन कुमार के साथ मिलकर शराब पी थी। शराब पीते समय नवीन के साथ दोनों की कहासुनी हो गई। झगड़ा बढ़ने के बाद उन्होंने नवीन के सिर पर पत्थर से वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया है।

## मनोज हत्याकांड में चौथा आरोपी गिरफ्तार

### तीन दिन के रिमांड पर लिया



रेवाड़ी। पुलि गिरफ्त में हत्या का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका

सीआईए धारूहेड़ा ने मनोज हत्याकांड में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। गत 29 जुलाई को पुलिस को गांव मालपुरा से मऊ रोड पर एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया था। मौके पर सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाया गया था। शव की शिनाख्त उसके परिजनों द्वारा करवाई गई तो युवक की पहचान दिल्ली के मोहन गार्डन, उत्तम नगर निवासी 33 वर्षीय मनोज पुत्र श्याम सुंदर के रूप में हुई थी। दिल्ली के मोहन गार्डन, उत्तम नगर निवासी निवासी भरत ने बताया था कि 27 जुलाई को उसका बड़ा भाई मनोज अपने दोस्त साहुन खान के साथ अपने ननीहाल गांव पाटखोरी से अपने कुछ परिचितों से मिलने की बात कहकर घर से गया था। इसी दौरान उसे सूचना मिली की मनोज की नाश गांव मालपुरा से मऊ रोड पर मिली है। मृतक के भाई ने कुछ लोगो पर मनोज की हत्या का संदेह जाहिर किया था। पुलिस ने मृतक के भाई भरत के बयान पर थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा में हत्या का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त तीन आरोपी गांव जौनियावास निवासी विवेक उर्फ विक्की, जिला गुरुग्राम के गांव तेलपुरी निवासी हेमेंद्र उर्फ हेमु व गांव जौनियावास निवासी दीपक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में सीआईए धारूहेड़ा ने एक और आरोपी गांव लूला अहीर निवासी राकेश को गिरफ्तार करने के बाद रिमांड पर लिया है।

## मौसम में एक सप्ताह तक बार-बार बदलाव की संभावना, आज बादलों के बीच बूंदाबांदी होने के आसार

# मौसम साफ होते ही बढ़ा गर्मी का प्रकोप, उमस ने छुड़ाए पसीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। आसमान में बादल छाने के बाद चिपचिपाहट भरी गर्मी परेशान करती है, तो बादल साफ होने के बाद तापमान बढ़ने से गर्मी पसीना निकालने लगती है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिलेगा। सप्ताह के अंत में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। बुधवार को भी आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है। मंगलवार को सुबह के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। दोपहर तक आसमान साफ हो गया। इसके बाद तेज धूप निकलते ही गर्मी का असर बढ़ गया। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35.0 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.9 डिग्री की वृद्धि के साथ 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दो दिन तक हुई बूंदाबांदी व हल्की बरसात के कारण हवा में नमी का स्तर 78 फीसदी तक बना रहा। हवा की



रेवाड़ी। एक किसान के खेत में पककर तैयार खड़ी बाजरे की फसल।

रफ्तार 11 किमी प्रति घंटा रही। हवा में नमी का स्तर ज्यादा बना रहने से उमस भरी गर्मी लोगों को जमकर परेशान कर रही है। कई दिनों से गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। अच्छी बरसात के बाद तापमान में ज्यादा कमी आती है, लेकिन बारिश के बाद तापमान बढ़ जाता है। हवा में नमी के कारण चिपचिपाहट भरी गर्मी दिन भर पसीने छुड़ाती रहती है। मौसम विभाग के अनुसार एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिलेगा। 20 अगस्त को आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है। सप्ताह के अंत में भी अच्छी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

### पककर तैयार हो रही बाजरे की फसल

इस समय बाजरे की अगेती फसल पककर तैयार होने लगी है। कुछ एरिया में फसल कटाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। बाजरे की पछेती फसल में भी दाना बनकर तैयार हो रहा है। अगर मौसम साफ रहता है, तो फसल कटाई का कार्य अगले सप्ताह में गति पकड़ जाएगा। कपास की फसल में भी टिंडे बनकर तैयार हो गए हैं। मौसम साफ रहने पर दोनों फसलों का अच्छा उत्पादन होने की संभावना है। ज्यादा बारिश दोनों ही फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है।



# अली फजल की नई वेब सीरीज राख का ऐलान

**नई दिल्ली।** अली फजल न केवल फिल्मी दुनिया, बल्कि ओटीटी पर भी कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कई वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह फिर से नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं जिसकी अनाउंसमेंट भी हो गई है। ओटीटी की नई वेब सीरीज में अली फजल पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाने वाले हैं। सीरीज की कहानी थ्रिल और सस्पेंस से भरी होने वाली है जो अपराध और न्याय के इर्द-गिर्द घूमेगी। एंडेमोलशाइन इंडिया और गुलबदन टॉकीज के बैनर तले बनी सीरीज एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर होगी। इस वेब सीरीज का नाम राख है। इस सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय कर रहे हैं।

लाइफ Style



# हुमा
## खुद कहानियां बनाने का किया फैसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में निर्माता बनने के फैसले को लेकर कई खुलासे किए। साथ ही उन्होंने बताया कि आखिर वह निर्माता क्यों बनना चाहती हैं। हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम जल्द ही अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म 'बेबी डू डाई डू' रिलीज करने वाली हैं।

अभिनय के अलावा, दोनों ने अब निर्माता बनने का फैसला किया है, ताकि वे अच्छी कहानियों को खुद चुन सकें और उन्हें दर्शकों तक पहुंचा सकें। हुमा का कहना है कि अभिनेत्री के तौर पर उन्हें हमेशा दूसरों के चुने हुए रोल पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे उनमें निराशा थी, क्योंकि वे और भी बहुत कुछ कर सकती थीं। इसीलिए, उन्होंने और साकिब ने खुद कहानियां बनाने का फैसला किया। उनकी पहली प्रोडक्शन फिल्म जल्द रिलीज होगी और इसके बाद हुमा एक इन्वेस्टिगेटिव फिल्म 'बयान' में नजर आएंगी। 39 साल की हुमा ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में गैंग्स ऑफ वासेपुर, डेढ़ इश्किया और जॉली एलएलबी 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। अब वह नई और अच्छी कहानियां लाना चाहती हैं। वे कहती हैं कि उन्होंने और साकिब ने दूसरों के मौके का इंतजार करने के बजाय खुद मौके बनाने का फैसला किया। वे अपने प्रोडक्शन हाउस को ऐसा बनाना चाहती हैं, जहां नए चेहरों को मौका मिले और काम का माहौल बेहतर हो। हुमा का कहना है कि वे दूसरों की गलतियों को नहीं दोहराएंगी। भविष्य में वे बड़ी फिल्में बनाना चाहेंगी, लेकिन नए टैलेंट को मौका देने की कीमत पर नहीं।

हॉलीवुड मसाला



## 25 फिल्मों के बाद भी कम नहीं हुआ क्रेज

**नई दिल्ली।** जेम्स बॉन्ड एक फिक्शनल जासूस कैरेक्टर है, जिसे ब्रिटिश राइटर इयान फ्लेमिंग ने 1953 में बनाया था। पहली फिल्म से मशहूर होने के बाद जेम्स बॉन्ड पर 25 फिल्में बन चुकी हैं। लेकिन, अभी भी दर्शकों के साथ-साथ फिल्म मेकर्स का इस कैरेक्टर को लेकर क्रेज खत्म नहीं हो रहा है। बॉन्ड फिल्में अपने साउंडट्रैक समेत कई बेहतरीन चीजों के लिए जाना जाता है। इसके थीम सॉन्ग्स को कई बार ऑस्कर में नॉमिनेश और तीन बार अवॉर्ड भी मिले। ज्यादातर फिल्मों में बॉन्ड की कारें, उनकी बंदूकें और बॉन्ड गर्ल्स को काफी पसंद किया गया है।



## बैटमैन की आ चुकी हैं 18 मूवीज 10 एक्टर्स बने सुपरहीरो

**नई दिल्ली।** डीसी फिल्म्स ने सुपरहीरो मूवीज की शुरुआत की और सुपरमैन के बाद सबसे हिट फ्रेंचाइजी बैटमैन थी। बैटमैन की 18 मूवीज आ चुकी हैं। 10 एक्टर्स सुपरहीरो बने। बैटमैन पहली बार बड़े पर्दे पर 1943 में पहुंचा था। इसका निर्माण कोलंबिया पिक्चर्स ने किया था। यूं तो यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह एपिसोडिक थी। इसके कुल 15 चैप्टर सिनेमाघरों में रिलीज हुए थो जो हफ्ते में एक बार आते थे। उस वक्त बैटमैन का किरदार लैम्बर्ट हिलियर ने निभाया था और उन्होंने अपने किरदार में जान फूंक दी थी। यह सीरीज इतनी हिट हुई थी कि इसे कोलंबिया पिक्चर्स ने 1954 और 1962 में री-रिलीज किया था। बैटमैन डीसी कॉमिक्स का एक फिक्शनल कैरेक्टर है। इसका असली नाम ब्रूस वेन है जो बहुत अमीर है और गौथम शहर में रहता है।



## डर के बाद पहली बार पहुंचे यशराज स्टूडियो

**मुंबई।** सनी देओल और यशराज फिल्म्स ने साल 1993 में बॉलीवुड को ब्लॉकस्टर फिल्म 'डर' दी थी। लेकिन, इसके बाद उसने फिर दोबारो कभी यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा के साथ काम नहीं किया। कथित तौर पर सनी देओल का सेट पर वाईआरएफ से झगड़ा हुआ था। लेकिन, अब 30 साल बाद अचानक सनी को आदित्य चोपड़ा के स्टूडियो के बाहर देखा गया। कयास लगने शुरू हो गए कि शायद तीन दशक पुरानी रार अब खत्म हो गई है। चर्चा यह भी शुरू हुई कि क्या 30 साल बाद यह जोड़ी फिर से किसी नई फिल्म की तैयारी में है! सनी देओल यकीनन वाईआरएफ के स्टूडियो पहुंचे थे। लेकिन, यह किसी फिल्म के लिए मुलाकात नहीं थी। असल में एक्टर वहां संगीतकार मिथुन से मिलने गए थे, जिन्हें उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए साइन किया है।



## कांतारा चैप्टर-1 में गुलशन बनेंगे कुलशेखर

**मुंबई।** कांतारा चैप्टर 1 की रिलीज में जहां अब डेढ़ महीने का वक्त बचा है, वहीं मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की कास्ट से गुलशन देवैया का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है। वह फिल्म में कुलशेखर के किरदार में नजर आएंगे। कांतारा चैप्टर 1 ऋषभ शेट्टी की साल 2022 में रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है। यह वह फिल्म है, जिसने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाइयां दीं। महज 16 करोड़ के बजट में बनी और देश में 309.64 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। यही नहीं, ऋषभ शेट्टी को इसके लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला। 'कांतारा' की रहस्यमयी दुनिया में गुलशन देवैया के किरदार की पहली झलक अपने आप में उत्सुकता को बढ़ाने वाली है। पोस्टर में गुलशन का किरदार शाही अंदाज में सिंहासन पर विराजमान है।

टीवी मसाला



## बिंजोला परिवार के आने से गोकुलधाम में बढ़ेगी रौनक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जब भूतनी वाला ट्रैक जोड़ा गया तो यह तीन हफ्ते लगातार टीआरपी में नंबर वन रहा, पर इसके बाद इसकी टीआरपी गिर गई। अब मेकर्स एक और ट्विस्ट लेकर आए हैं। 'तारक मेहता' की गोकुलधाम सोसाइटी में अब एक नए परिवार की एंट्री हो गई है, जो ट्विस्ट के साथ कॉमेडी का जायका और बढ़ाएगी। इस परिवार के आने से अब शो में न सिर्फ नए किरदारों की एंट्री हुई है, बल्कि दर्शकों को नई कहानी और नया फ्लेवर देखने को मिलेगा। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में धरती भट्ट, कुलदीप गौर, अक्षान सहरावत और माही भद्रा की नई एंट्री हुई है। कुलदीप गौर शो में रतन बिंजोला नाम के साड़ी बेचने वाले दुकानदार का रोल निभाएंगे, जो जयपुर का रहने वाला है। धरती भट्ट, रतन बिंजोला की पत्नी रूपा के रोल में नजर आएंगी। रूपा एक हाउसवाइफ ही नहीं, बल्कि कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी है। वहीं, अक्षान सहरावत और माही दोनों रतन और रूपा के बच्चों का किरदार निभाएंगे। 'तारक मेहता' में अभी तक टप्पू सेना की थी, जिसने अपनी मासूमियत और शरारतों से गोकुलधाम के निवासियों का ही नहीं, बल्कि दर्शकों भी दिल जीत लिया था। अब टप्पू सेना के अलावा सोसाइटी में दो नए बच्चे आए हैं, जो दर्शकों का दिल जीतने के लिए कमर कस चुके हैं।

### केबीसी में दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने जीते 25 लाख

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में हॉट सीट पर गुजरात के दिहाड़ी मजदूर के बेटे संजय देगामा बैठे। अमिताभ बच्चन ने 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' राउंड करवाया, जिसमें संजय देगामा के अलावा



स्नेहा ज्वारे को 'जल्दी 5' राउंड खेलने के लिए चुना गया। इसमें संजय देगामा जीते और उन्होंने हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला। संजय देगामा ने 25 लाख रुपए जीते, पर 50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दे सके। अमिताभ बच्चन ने संजय से जो सवाल पूछा था, वह था: साल 1973 में हैंस एन्गर्ट को हराकर कौन से भारतीय विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे थे? इसके चार विकल्प दिए गए थे- ए) चिरादीप मुखर्जी, बी) गौरव मिश्रा, सी) जयदीप मुखर्जी और डी) नंदन बाल। संजय देगामा को इसका जवाब मालूम नहीं था, इसलिए उन्होंने गेम छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, क्विट करने के बाद उन्होंने 50 लाख के सवाल का जवाब दिया। उन्होंने ऑप्शन बी) गौरव मिश्रा चुना, जो गलत जवाब था। सही जवाब ऑप्शन ए) चिरादीप मुखर्जी था।

# सेना छोड़कर 44 की उम्र में किया बॉलीवुड डेब्यू



**मुंबई।** 44 साल की उम्र में अच्युत पोतदार ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। अभिनय की दुनिया में आने से पहले वह सेना में रहे, कैप्टन के पद से रिटायर हुए, प्रोफेसर के तौर पर भी शिक्षा के क्षेत्र में काम किया। इसके बाद ही अभिनय की दुनिया में दस्तक दी, उन्होंने लगभग 125 बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिंग की। वह अधिकतर सहायक भूमिकाओं में नजर आए। फिल्मों के अलावा टीवी सीरियल में भी अच्युत पोतदार ने अपने अभिनय के रंग बिखेरे।

***3 इडियट्स में प्रोफेसर का रोल करके हुए मशहूर*** : आमिर खान की 3 इडियट्स में अच्युत पोतदार ने अभिनय किया था। वह इसमें एक प्रोफेसर के रोल में नजर आए। रोल छोटा था, लेकिन दर्शकों को याद रह गया। इस फिल्म में उनका कहा गया डायलॉग 'अरे, कहना क्या चाहते हो?' खूब मशहूर हुआ। यह डायलॉग आगे चलकर मीम मटीरियल बन गया। सिर्फ इसी फिल्म में वह नजर नहीं आए। कई और फिल्में भी की थीं।

***इन फिल्मों में किया अभिनय*** : अच्युत पोतदार ने कई बड़ी फिल्मों में अभिनय किया। जैसे अमिताभ बच्चन की फिल्म भूतनाथ में वह एक मंदिर के पुजारी बने थे,। आर. राजकुमार में भी पंडित का रोल किया था। फिल्म दबंग में उन्होंने देबी सिंह का रोल किया। फिल्म फेरारी की सवारी में एक बैट शॉप की मालिक का रोल किया। विद्या बालन के साथ परिणीता और रंगीला में उर्मिला के साथ अभिनय किया, दोनों फिल्मों में इन हीरोइनों के पिता का रोल किया था। फिल्म ये दिल्लगी में भी काजोल के पिता के रोल में वह नजर आए।

### चर्चित टीवी सीरियल में भी नजर आए

फिल्मों के अलावा अच्युत पोतदार ने कई टीवी सीरियल, सीरीज भी कीं। इसमें भारत एक खोज, प्राइम मिनिस्टर, वाग्ले की दुनिया और माझा होशिल ना जैसे सीरियल शामिल रहे। मराठी सीरियल माझा होशिल ना के लिए उन्हें 2021 में जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# फ्लॉप रही थीं ये कल्ट क्लासिक फिल्में आज तारीफें करते नहीं थकते लोग

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जो जब रिलीज हुई थीं तो इन्हें जनता ने खास इम्पॉर्टेंस नहीं दिया। ये फिल्में अपनी रिलीज के वक्त फ्लॉप हो गई थीं, लेकिन वक्त के साथ लोगों ने इन फिल्मों का महत्व समझा और ये मूवीज कल्ट क्लासिक बन गईं।

**अंदाज अपना अपना** : लिस्ट में पहले नंबर पर है साल 1994 में आई फिल्म 'अंदाज अपना अपना'। महज 2.9 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म में बड़े स्टार्स से लेकर आइकॉनिक विलेन्स तक सब कुछ था, लेकिन फिर भी यह फिल्म फ्लॉप हो गई थी। वक्त के साथ जब लोगों ने इस फिल्म के सिनेमैटिक महत्व को समझा तो यह सुपरहिट हो गई। इस मूवी की आईएमडीबी रेटिंग 8 है और आप इसे आज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**तुम्बाड** : साल 2018 में आई फिल्म 'तुम्बाड' उन दिनों पब्लिक के खराब टेस्ट की भेंट चढ़ गई थी। लेकिन आईएमडीबी पर 8.2 रेटिंग वाली इस



फिल्म का महत्व लोग वक्त के साथ समझे। कमाल की कहानी और दमदार सस्पेंस थ्रिलर वाली इस फिल्म को आज की तारीख में आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**तमाशा** : रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'तमाशा' की कहानी काफी डीप थी और इस फिल्म में एक काफी अहम मैसेज भी था, लेकिन जब यह फिल्म रिलीज हुई तो कुछ खास नहीं चली। लेकिन, साल 2015 में रिलीज हुई इस फिल्म को गुजरते वक्त के साथ महत्व मिला और आईएमडीबी पर 7.4 रेटिंग वाली इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**देल्ही बेली** : आमिर खान बिना बजट की परवाह किए एक बोल्ड कॉमेडी फिल्म बनाना चाहते थे। लेकिन, जब उन्होंने 'देल्ही बेली' बनाकर रिलीज की, तो यह बुरी तरह पिट गई। बाद में फिल्म को धीरे-धीरे तवज्जो मिला और इसे आईएमडीबी पर 7.6 रेटिंग मिली थी।

## 108 साल पहले आया डबल रोल का कॉन्सेप्ट, कई सितारे निभा चुके हैं दोहरी भूमिका

# एक ही अभिनेता ने निभाया था फिल्म में राम और सीता का किरदार

***नई दिल्ली।*** *एक टिकट खरीदकर पूरे ढाई से तीन घंटे सिर्फ अपने ही पसंदीदा सितारे को डबल रोल में देखना किस फैन की ख्वाहिश नहीं होगी। दिलीप कुमार से लेकर नरगिस दत्त देवानंद और श्रीदेवी जैसे कई सितारे फिल्मों में दोहरी भूमिका निभा चुके हैं। हालांकि, डबल रोल निभाने वाले अभिनेता का जन्म 108 साल पहले ही इंडस्ट्री में हो गया था जो पर्दे पर राम और सीता दोनों बने थे। फिल्मों में डबल रोल का कंसेप्ट काफी समय से चला आ रहा है। हेमा मालिनी की 'सीता और गीता' से लेकर, शाह रुख खान की 'डुप्लीकेट', दिलीप कुमार की 'राम और श्याम और सलमान खान की जुड़वा दर्शकों ने थिएटर में बैठकर एक टिकट पर डबल मजे लिए। उन्हें अपने पसंदीदा सितारे को एक ही स्क्रीन पर अलग-अलग रोल में देखने का मौका हमेशा से मिलता रहा है। बीते साल जहां शाह रुख खान ने फिल्म 'जवान' में बाप और बेटे का रोल अदा किया था, तो वहीं डबल रोल निभाने की लीग में अब कृति सेनन का नाम भी शामिल हो चुका है। वह अपनी आगामी फिल्म 'दो पत्ती' में डबल रोल अदा करती हुई दिखाई देंगी।*

### इस अभिनेता ने 1917 में बनी फिल्म में निभाया था डबल रोल

पहली फिल्म में डबल रोल की भूमिका अदा करने वाले अभिनेता कोई और नहीं, बल्कि अन्ना सालुंके थे, जिन्होंने



भारत की पहली फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' में भी काम किया था। अपने कॅरियर के शुरुआती दौर में उन्होंने हीरो के साथ-साथ नायिका की भूमिका भी अदा की। दादा साहब फाल्के की फिल्म राजा हरिश्चंद्र में रानी तारामती बनने के बाद, वह पर्दे पर माता सीता और भगवान श्रीराम भी बने।

### क्यों अन्ना सालुंके को निभानी पड़ी थी सीता की भूमिका?

भारत को आजादी मिलने से पहले महिलाओं का कमर्शियल फिल्मों में काम करना, या इस तरह से अपनी कला का प्रदर्शन पर्दे पर करना गलत माना जाता था। यही वजह थी कि उस वक्त जो भी फीमेल किरदार आते थे, उसे फिल्म के अभिनेता ही निभाते थे। उन्होंने 'लंका दहन' में श्रीराम का किरदार निभाने के बाद उनकी पत्नी माता सीता का किरदार भी अदा किया था। वह भारतीय सिनेमा के पहले अभिनेता थे, जिन्होंने अधिकतर फिल्मों में अभिनेता और अभिनेत्री दोनों का किरदार निभाया।

**लंका दहन** : साल 1917 में एक फिल्म रिलीज हुई, जिसका टाइटल था 'लंका-दहन'। ये फिल्म हिंदू महाकाव्य 'रामायण' पर आधारित थी, जिसे महर्षि वाल्मीकि ने लिखा था। फिल्म का निर्देशन दादा साहब फाल्के ने ही किया था। राजा हरिश्चंद्र के बाद ये निर्देशक की दूसरी फीचर फिल्म थी। राजा हरिश्चंद्र की तरह ही 'लंका-दहन' भी एक म्यूट फिल्म थी।

### क्यों अभिनेता को ही दादा साहब फाल्के ने बनाया हीरोइन?

अन्ना सालुंके को फिल्मों में हीरोइन का रोल करवाना दादा साहब फाल्के की च्वाइस नहीं, बल्कि मजबूरी थी। दरअसल, दादा साहब फाल्के और अन्ना सालुंके की पहली मुलाकात एक रेस्टोरेंट में हुई थी, जहां अभिनेता कथित तौर पर एक वेटर के रूप में काम करते थे। दादा साहेब फाल्के उस दौरान एक लड़की की तलाश में थे, जिसे वह अपनी फिल्म में कास्ट कर सके। लेकिन, फिल्मों से जुड़ना उस समय पर किसी भी महिला को मंजूर नहीं था। ऐसे में दादा साहब फाल्के की नजर अन्ना सालुंके पर पड़ी, जिनका कद-काठी और फीचर ऐसे थे, जिसकी वजह से नायिका की भूमिका के लिए वह निर्देशक को एकदम परफेक्ट लगे। जैसे-तैसे दादा साहब फाल्के 10 रुपए में काम करने वाले सालुंके को 15 रुपए की फीस देकर फिल्मों में आने के लिए मना लिया और बतौर अभिनेता उनकी जर्नी की शुरुआत हो गई।

**खबर संक्षेप**

## चेलावास में ग्रामीणों ने निकाला कैंडल मार्च

**कनीना।** भिवानी जिले की महिला शिक्षिका मनीषा की रहस्य में मौत को लेकर उप मंडल के गांव चेलावास में ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकाला और प्रशासन से मांग की कि इसकी उच्च स्तरीय जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। ग्रामीणों का कहना था कि सरकार इस मामले को अति गंभीरता से लें। कैंडल मार्च निकालने वालों में गांव के सरपंच विकास, पूर्व सरपंच बंटी, रणजीत साहब, करतार सिंह, संजीव कुमार, कृष्ण पहलवान, सुखबीर पहलवान, सूबेदार सुरेंद्र, डॉ. सचिन, राहुल आदि शामिल रहे।

## आज बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

**नारनौल।** सब अर्बन सब डिवीजन के उपमंडल अधिकारी लोकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 अगस्त को प्रातः आठ बजे से 10 बजे 33 केवी हसनपुर, 33 केवी हुडा सेक्टर व 33 केवी खटोटी पावर हाउस की सप्लाई बाधित रहेगी। जिसके अंतर्गत आने वाले हुडा सेक्टर, महरमपुर, वाटर वर्कस लहरोदा, निवाजनगर एपी, हसनपुर, थाना, कुलताजपुर, कोरियावास, मारोली, खटोटी, जैलाफ, गहली आदि एरिया की सप्लाई बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 33 केवी हसनपुर पर लोड शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके चलते सप्लाई बंद रहेगी।

## नवप्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**मंडी अटेली।** राजकीय महाविद्यालय अटेली में नव प्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आगामी सत्र 2025-26 की समस्त गतिविधियों के साथ-साथ टाइम टेबल, एनईपी पाठ्यक्रम, एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रॉस, महिला प्रकोष्ठ, विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के साथ-साथ संस्कृत की स्पेशल छात्रवृत्ति, बस पास, पुस्तकालय, पासपोर्ट, ड्राईविंग लाइसेंस, प्लेसमेंट सेल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, अर्न व्हाईल यू लर्न, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं के विषय में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी गई। आचार्य डॉ. राजेश सैनी ने बताया कि सभी के लिए अनुशासन सर्वोपरि होना चाहिए।

## युवक ने फांसी लगाकर जीवनलीला की समाप्त

**महेंद्रगढ़।** गांव मेघनवास निवासी 27 वर्षीय युवक ने घर पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं युवक को एक व्यक्ति द्वारा धमकाने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक कमरे में तीन-चार युवक बैठे हैं। एक युवक हाथ में रॉड लिए हुए युवक को धमकाते हुए नजर आ रहा है। मृतक के पिता ने सदर पुलिस थाने में शिकायत है। शिकायत में उसने तीन लोगों को उसके बेटे की मौत का जिम्मेवार ठहराया है।

### बिना अनुमति किए जाने वाले निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे

# पटौदी रोड की राजस्व सीमा में चली जेसीबी 4 एकड़ में अवैध कॉलोनियां जमींदोज

डीटीपी टीम ने 4 डीपीसी, 3 चार दीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी




रेवाड़ी। अवैध कॉलोनियों में किए गए निर्माण को गिराती जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

जिले की राजस्व सीमा में बिना अनुमति निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ डीटीपी का एक्शन तेज हो गया है। डीटीपी की टीम ने बुधवार को पटौदी रोड पर 4 एकड़ में किए गए निर्माण ध्वस्त कर दिए। डीटीपी की इस कार्रवाई से अवैध रूप से निर्माण करने व कॉलोनियां काटने वाले लोगों में खलबली मच गई। डीटीपी की टीम ने बुधवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल के साथ पटौदी रोड पर गांव ढोहकी की राजस्व सीमा में पहुंची। जहां पर डीटीपी की जेसीबी ने 4 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी टीम ने यहां 4 डीपीसी, 3 चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। इसके अलावा झज्जर रोड पर बने अवैध निर्माणों को भी ध्वस्त किया गया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। प्रॉपर्टी डीलर व कॉलोनाइजर जिले में नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं।

### अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें



डीटीपी मंदीप सिहाग।

आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। अभी नई कॉलोनियों को रेगुलर को करने की सरकार की कोई योजना नहीं है। बिना अनुमति किए जाने वाले निर्माण किसी भी सूरत में छोड़े नहीं जाएंगे। यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

-मंदीप सिंह सिहाग, डीटीपी।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों की ओर से बनाया गया वर्किंग मॉडल। फोटो: हरिभूमि

# प्रिंट रिच प्रतियोगिता में लुहाना स्कूल ने मारी बाजी

- प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के वर्किंग मॉडल के अलावा कक्षाओं में रीडर कॉर्नर, टीएलएम कॉर्नर व पजल कॉर्नर बनाकर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जिले के गांव सीहा के विभागीय संकुल के अंतर्गत आने वाले राजकीय प्राथमिक स्कूलों की प्रिंट रिच प्रतियोगिता में लुहाना स्कूल विजेता रहा। प्रतियोगिता की संयोजक एबीआरसी अनुराधा चौहान ने बताया कि सीआरसी हैड प्राचार्य सत्यवीर नाहड़यि के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में लुहाना के स्कूल ने प्रथम, धवाना के स्कूल ने द्वितीय तथा बुड़ौली व सीहा के प्राथमिक स्कूलों ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूलों ने प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के वर्किंग मॉडल के अलावा कक्षाओं में रीडर कॉर्नर, टीएलएम कॉर्नर व पजल कॉर्नर बनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राध्यापक महेश शास्त्री, प्रियंका तथा अरविंद कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

# कोर्ट में लंबित केसों को सहमति से हल करा लेने में फायदा: सीजेएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



- न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 13 सितंबर को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा कराना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों तथा राजस्व आदि का निपटारा किया जाएगा। सीजेएम वर्मा ने आमजन से राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोर्ट में अपने लंबित प्रकरणों को आपसी सहमति से हल करा लेने में ही फायदा है, जिससे कम समय व मामूली खर्च में ही विवाद का निपटारा हो जाए, क्योंकि जब कोई भी केस कोर्ट में चलता है तो लोगों को उसके लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं और धन व समय भी खर्च होता है।

## सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र व सीनियर सिटीजन होम का दौरा

**नारनौल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीलम कुमारी ने मंगलवार को नशा मुक्ति केंद्र, वन स्टॉप सेंटर, सेफ हाउस व सीनियर सिटीजन होम का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों से बातचीत की। नागरिक अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति केंद्र के दौरे के दौरान सीजेएम ने मरीजों से बातचीत की और उनका हाल चाल जाना। उन्होंने मरीजों को बताया कि केंद्र के विशेषज्ञ उनकी समस्याओं को हल करने और एक स्वस्थ जीवन जीने में उनकी मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने मरीजों को नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए केंद्र की मदद लेने और एक बेहतर जीवन के लिए प्रयास करने की सलाह दी। नशा मुक्ति केंद्र मरीजों को उपचार और पुनर्वास की सुविधा देता है, ताकि वे अपने जीवन को सुधार सकें।

# नशे की बुराई को जड़ से खत्म करना ही राज्य सरकार की प्राथमिकता: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी




नशा मुक्ति केंद्र में उपचार करा रहे मरीजों से बातचीत करते एसडीएम।

रेवाड़ी। बाल भवन में डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

एसडीएम सुरेश कुमार ने मंगलवार को जिले में संचालित किए जा रहे नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र व बाल भवन में स्थापित डिजीटल लाइब्रेरी का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेन्द्र यादव भी मौजूद थे। एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन नशे पर अंकुश लगाने को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि केंद्र में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। मरीजों को समय पर दवाई और इलाज की सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र में उपचार करा रहे मरीजों से सुविधाओं को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि नशे की बुराई को जड़ से खत्म करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। एसडीएम ने कहा कि किसी भी परिवार में कोई व्यक्ति नशे का आदी हो चुका है तो परिजन उसे उपचार के लिए इस नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में ला सकते हैं, जहां मरीज को परामर्श दिए जाने के साथ उसका उपचार भी किया जाता है।

# नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक के कारण रेलमार्ग प्रभावित

- कई ट्रेनें रद, आंशिक रद व कई के मार्ग परिवर्तित रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



रेवाड़ी। उत्तर-पश्चिम रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन।

रेलवे की ओर से गोरखपुर-गोंडा रेलखंड पर गोरखपुर-डोमिनगढ स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन डालने के लिए एवं गोरखपुर-आनंद नगर रेलखंड पर गोरखपुर-नकहा जंगल स्टेशनों के मध्य दोहरीरकण कार्य के लिए नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलमार्ग पर संचालित रेलसेवाएं रद, आंशिक रद, मार्ग परिवर्तिम व रीशेड्यूल रहेगी।

### प्रारम्भिक स्टेशन से रद व आंशिक रद रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 12555 गोरखपुर-बठिण्डा एक्सप्रेस रेलसेवा 21 सितंबर से 27 सितंबर तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 12556 बठिण्डा-गोरखपुर एक्सप्रेस रेलसेवा 22 सितंबर से 28 सितंबर तक रद रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 19409 साबरमती-थावे रेलसेवा 25 सितंबर को साबरमती से प्रस्थान करके बस्ती तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा बस्ती-थावे के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19410 थावे-साबरमती रेलसेवा 27 सितंबर को थावे के स्थान पर बस्ती से प्रस्थान करेगी।

### मार्ग परिवर्तित व रीशेड्यूल रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस रेलसेवा 25 सितंबर को पोरबंदर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग लखनऊ-सुल्तानपुर-वाराणसी-औड़िहार-छपरा-मुजफ्फरपुर होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तित होने के कारण यह रेलसेवा मार्ग में गोंडा, गोरखपुर, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, चकिया स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 19615 उदयपुर सिटी-कामाख्या एक्सप्रेस रेलसेवा 22 सितंबर को उदयपुर सिटी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग लखनऊ-सुल्तानपुर-वाराणसी-औड़िहार-छपरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19616 कामाख्या-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस रेलसेवा 25 सितंबर को कामाख्या से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग छपरा-औड़िहार-वाराणसी-सुल्तानपुर-लखनऊ होकर संचालित होगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 15909 डिब्रुगढ-लालगढ़ रेलसेवा 22 सितंबर को डिब्रुगढ स्टेशन से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 15909 डिब्रुगढ-लालगढ रेलसेवा 25 सितंबर को डिब्रुगढ स्टेशन से अपने निर्धारित समय से 4 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 15910 लालगढ- डिब्रुगढ रेलसेवा 25 सितंबर को लालगढ स्टेशन से अपने निर्धारित समय से 3 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी।

# जो मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं मिलनी चाहिए, नहीं मिल रहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल



- हम शहीद राव तुलाराम के नाम का बहिष्कार नहीं करते।

रिटायर्ड विख्याता कृष्ण यादव ने पंचायत के बारे में बताया कि जो मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल रही। मात्र 30 ओपीडी आ रही है। आज की पंचायत में निर्णय लिया गया है कि हम शहीद राव तुलाराम के नाम का बहिष्कार नहीं करते। अगर शहीद की बात होती है तो हमारे गांव में 1962 में चाइना में शहीद हुए नित्यानंद यादव का नाम है। ऋषि का नाम लेते है तो हमारे हमारे गांव से भी है। हमारा किसी से कोई विरोध नहीं है। हमारी मांगों में प्राथमिकता मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं है और जमीन देने के नाम पर गांव के लोगों के लिए एडमिशन व नौकरी में आरक्षण की है। यह सरकार के पास प्रस्ताव भेजेंगे। वहां धरने पर बाहर से आने वाले लोग पैड है। जहां तक ताला लगाने की बात है, पूरा गांव एकजुट है। हमने जमीन और सरकार ने इतना पैसा लगाया। कोई ऐसा करेगा तो हम उस ताला सहित उन्हें उखाड़कर फेंक देंगे।

### बुखार से पीड़ित लोगों की तैयार की जा रही है स्लाइड

# थमने का नाम नहीं ले रहा डेंगू, 4 पॉजिटिव मरीज और मिलने से आंकड़ा 64 पर पहुंचा



रेवाड़ी। पानी की टंकी में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

अगस्त माह में डेंगू के लगातार बढ़ते मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। मंगलवार को जिले में 4 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिलने से आंकड़ा 64 पर पहुंच गया है। गत वर्ष 2024 में अगस्त माह में 8 डेंगू पॉजिटिव केस मिले थे। बरसात के बाद जलभराव होने मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है।

स्वास्थ्य विभाग लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक कर रहा है। जिले में डेंगू के मामलों के साथ अब तक 11 मलेरिया के केस भी मिल चुके है। स्वास्थ्य विभाग के एचआई, एमपीएचडब्ल्यू व ब्रीडिंग चेकर लगातार गांवों व शहरी क्षेत्र में सोर्स रिडक्शन का कार्य कर रहे है तथा बुखार से पीड़ित लोगों की स्लाइड भी तैयार की जा रही है।

### अब तक 1649 लोगों को दिए जा चुके नोटिस

गत वर्ष जिले में 411 डेंगू व मलेरिया के 9 केस मिले थे। इस बार अभी तक डेंगू के 64 व मलेरिया के 11 केस मिल चुके है। मलेरिया हेल्थ इंस्पेक्टर विरेन्द्र सिंह ने बताया कि घरों में लार्वा मिलने पर अब तक 1649 लोगों को नोटिस भी थमाए जा चुके है। इसके अलावा अब तक 1542578 घरों में मॉस फीवर सर्वे किया जा चुका है। अब तक डेंगू संभावित बुखार पीड़ति 1728 लोगों के सेंपल भी लिए जा चुके है। अभी तक शहर में 17, सीएचसी गुरावड़ा में 5, सीएचसी मीरपुर में 5, सीएचसी बावल में 19 व सीएचसी खोल में 18 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है।

# अपराध व गैरकानूनी धंधा करने वालों से सख्ती से निपटे पुलिस: एसपी

- पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिला स्तरीय अपराध व कानून एवं व्यवस्था की गोष्ठी में अधिकारियों का दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी हेमेंद्र मीणा।

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पुलिस लाइन के मीटिंग हाल में सभी डीएसपी, थाना प्रबंधक और चौकी प्रभारियों के साथ जिला स्तरीय अपराध व कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसपी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लाए तथा गैर कानूनी कार्य करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाए। उन्होंने कहा कि आमजन से मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें और अपराध और अपराधियों से सख्ती से निपटें। इसके अलावा दबंग प्रवृत्ति के व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि पीड़ति को तत्पर न्याय दिलाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी समाज सेवा का एक बेहतरीन माध्यम है,इसलिए सेवा, सुरक्षा और सहयोग को अपना परम दायित्व मानते हुए सराहनीय कार्य कर समाज में पुलिस की बेहतर छवि के लिए कार्य करें। अच्छा कार्य करने वाले प्रत्येक पुलिस कर्मी को सम्मानित किया जाएगा और लापरवाही करने वाले कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा, सभी जीरो टॉलरेंस पर नेक नियति, ईमानदारी से काम करें।

### महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को गंभीरता से लें

एसपी मीणा ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को गंभीरता से ले और तुरंत कार्रवाई करें तथा उन्हे शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलाने का प्रयास करें। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में और तेजी लाएं तथा विभिन्न प्रकार के नशा बेचने वालों की जन सहयोग से सूचना प्राप्त कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों की धरपकड़ तेज की जाए तथा अदालतों में चल रहे विभिन्न मुकदमों की बेहतर ढंग से पैरवी की जाए ताकि अपराध करने वाला व्यक्ति किसी भी सूरत में सजा से बच न पाए।

**सूचना**

मैं, सुमेर सिंह पुत्र प्रभाती लाल निवासी गांव प्रखोतमपुर, तह. पाल्हावास जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरा 23 वर्षीय लड़का अमरजीत मेरे कहने व सुनने से बाहर है तथा उसकी संगत ठीक नहीं है। मैं अपने लड़के अमरजीत को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा उससे कोई संबंध व वास्ता नहीं रहेगा। कोई उससे किसी प्रकार का लेनदेन या व्यवहार करेगा तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

## खबर संक्षेप

### तीन जोड़ी ट्रेनों में डिब्बों की बढ़ोतरी

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 3 जोड़ी रेलसेवाओं में साधारण श्रेणी डिब्बों की बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 14715/14716 हिसार-जयपुर-हिसार रेलसेवा में हिसार से 19 से 31 अगस्त तक एवं जयपुर से 22 अगस्त से 3 सितंबर तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बों की बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 14734/14733 जयपुर-बठिंडा-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 20 अगस्त से 1 सितंबर तक एवं बठिंडा से 20 अगस्त से 1 सितंबर तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बों तथा गाड़ी संख्या 54704/54703 जयपुर-बठिंडा-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 21 अगस्त से 2 सितंबर तक एवं बठिंडा से 22 अगस्त से 3 सितंबर तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बों की बढ़ोतरी की जा रही है।

### कैंप में पीएमएफएमई योजना की दी जानकारी

**रेवाड़ी।** जिला एमएसएमई केंद्र की ओर से बीडीपीओ कार्यालय में प्रधानमंत्री औपचारिकरण सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग यानि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को योजना के तहत विभिन्न लाभों के बारे में जानकारी दी गई। औद्योगिक प्रसार अधिकारी करन सिंह व सहायक राधेश्याम ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग योजना बहुत ही बेहतर योजना है। इस योजना के तहत उधमी 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख रुपये तक की सब्सिडी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों को ऋण संबंधी अनुदान तथा कार्यशील पूंजी के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

### कोसली क्षेत्र से 15 वर्षीय नाबालिग लापता

**कोसली।** क्षेत्र के गांव की एक विधवा महिला ने अपनी बेटी की गुमशुदगी का मामला कोसली थाने में दर्ज कराया है। मूलरूप से गुरूग्राम जिले की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय मंदबुद्धि बेटी सोमवार प्रातः घर के बाहर खेलने की कहकर कहीं चली गई। महिला के अनुसार उसकी बेटी गत वर्ष भी दो बार घर से चली गई थी, लेकिन तीन-चार दिन में वापस आ गई थी। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

### श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर मनाई अजा एकादशी

**रेवाड़ी।** भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अजा एकादशी पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर पूरे विधि-विधान के अनुसार भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं का विभिन्न क्षेत्रों स्थित मंदिरों में तांता लगा रहा। दैनिक कार्यों से निवृत होकर श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु की आराधना कर उनसे मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की। इस व्रत को करने से श्रद्धालुओं को शुभ फलों की प्राप्ति होती है और भगवान विष्णु की कृपा से सभी मनोकामनाएं भी पूरी करते हैं।

## कस्बे की 90 से 110 फीट चौड़ाई की सड़क महज 40 फीट रह गई

# धारूहेड़ा में अतिक्रमण व अवैध कब्जों से सिकुड़ी सड़कें, शहरवासी जाम से परेशान

- सड़क पर अतिक्रमण के कारण किसी भी आपात स्थिति में मार्ग से एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड को भी निकलने में मशक्कत करनी पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा




रेवाड़ी। धारूहेड़ा के बाजार में दुकानों के आगे रखा सामान तथा धारूहेड़ा के बाजार में दुकानों के आगे रखा सामान। फोटो : हरिभूमि

धारूहेड़ा कस्बे से गुजर रहे सोहना-पलवल नेशनल हाइवे-919 और बाजार में दुकानदारों की ओर से किए अतिक्रमण व अवैध कब्जों के कारण सड़कें सिकुड़ कर रह गई हैं। कस्बे की 90 से 110 फीट चौड़ाई की सड़क महज 40 फीट रह गई है। भगत सिंह चौक से नगरपालिका कार्यालय तक दुकानदारों व खरीदारी करने वाले ग्राहकों की गाड़ियां अवैध रूप से सड़क पर खड़ी हो रही है, जिससे जाम के कारण अलवर, भिवाड़ी, सोहना व पलवल जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर अतिक्रमण के कारण किसी भी आपात स्थिति में मार्ग से एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड को भी निकलने में मशक्कत करनी पड़ रही है। गत वर्ष दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने पर फायर ब्रिगेड गाड़ी के नहीं पहुंचने पर नागरिकों ने अतिक्रमण हटाने की मांग उठाई थी, जिस पर प्रशासन ने कार्रवाई की और दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण हटाया, लेकिन अब फिर से हालात बदतर हो गए है।

पिछले दिनों ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में सुनवाई के दौरान मंत्री ने प्रशासन को बाजार से अतिक्रमण व अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी बाजार से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। कस्बे के भगत सिंह चौक, सोहना रोड व दिल्ली रोड पर अभी भी दुकानदारों ने अतिक्रमण करके रास्ते को बाधित किया हुआ है।

### अतिक्रमण से नालों की भी सफाई नहीं

धारूहेड़ा के बाजार में अतिक्रमण का काफी बोलबाला है। दुकानदारों ने सड़कों पर सामान रखकर व अवैध कब्जे करके सड़कों को सिकोड़ दिया है। दुकानदारों ने सड़क के दोनों और बने नालों पर भी कब्जा किया हुआ है, यही कारण है कि सोहना रोड व दिल्ली रोड के नालों की सफाई तक नहीं हुई है, जिससे बरसात आने पर जलभराव की स्थिति पैदा हो रही है। इन सड़कों से वाहन चालकों को गाड़ियां निकालना भी मुश्किल हो रहा है। रात को दुकानों के बाहर रखे सामान को अंदर रख दिया जाता है, जिससे गलियां चौड़ी हो जाती है और गाड़ियां निकल जाती है। कस्बे के नागरिक अशोक ने कहा कि बाजारों में आवागमन में कोई दिक्कत हो, इसके लिए दुकानदारों को स्वयं सड़कों से अतिक्रमण हटाना चाहिए। प्रशासन को चाहिए कि वह सभी बाजार की सड़कों से अतिक्रमण हटाएं। नागरिक जेपी यादव ने कहा कि कस्बे के बाजारे काफी भीड़ रहती है। अतिक्रमण की वजह से लोगों को परेशानी होती है। नगर पालिका प्रशासन को अतिक्रमण हटाकर लोगों को सहूलियत देनी चाहिए।

### अपने वाहन पार्किंग में ही खड़ा करें



नगरपालिका समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करती है। दुकानदारों नालों व सड़क पर सामान रखकर कब्जा न करें। गाड़ियों को सड़क पर खड़ा न होंने दे। कस्बे में दो पार्किंग शहर है। अपने वाहन पार्किंग में ही खड़ा करें। -कंवर सिंह यादव, नपा चेयरमैन।



रेवाड़ी। रक्तदाताओं का सम्मानित करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

# खंडोड़ा में रक्तदान कैंप व खेल स्पर्धाओं का आयोजन



रेवाड़ी। विजेता पहलवान को इनाम देते अतिथि व अयोजक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गांव खंडोड़ा स्थित बाबा जहारवीर गोगा जी के मंदिर पर भंड़ारा, कुश्ती दंगल, बालीबॉल व कबड्डी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कुश्ती कामड़ा 41000 रुपये, बालीबॉल 31000 रुपये व कबड्डी में 31000 रुपये का नकद इनाम रखा गया। इस अवसर पर युवाओं की ओर से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। युवाओं ने कहा कि रक्तदान महादान है, और इससे किसी जरूरतमंद की जान बचाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। सिविल हॉस्पिटल ब्लड बैंक टीम ने कैंप में 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस मौके पर समाजसेवी अनिल रायपुर, ग्राम सरपंच प्रतिनिधि भूप सिंह, पूर्व सरपंच सत्यनारायण, संजय कुमार नंबरदार, ग्राम विकास समिति प्रधान मास्टर हरिप्रकाश, गोगा मंदिर प्रधान देशराज व मैनेजर सुरेंद्र सिंह सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर मानव श्रृंखला से दिखाई एकता

- मानव श्रृंखला में महिलाओं व युवाओं सहित हजारों नागरिकों ने हिस्सा लेकर एकता व भाईचारे का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। धरना स्थल से मानव श्रृंखला बनाते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों की ओर से मानव श्रृंखला बनाई गई। अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी रामगढ़ भगवानपुर का धरना बुधवार को 64वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने पर रोजाना अलग-अलग गांवों से लोग व संगठनों के सदस्य शामिल हो रहे हैं। बुधवार को धरने की अध्यक्षता 100 वर्षीय सोना देवी भगवानपुर ने की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा। अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी की ओर से रामगढ़ भगवानपुर धरना स्थल से गांव बुड़ानी तक मानव श्रृंखला बनाकर सरकारी अस्पताल बनाने की मांग को दोहराया गया। मानव श्रृंखला में महिलाओं व युवाओं सहित हजारों नागरिकों ने हिस्सा लेकर एकता व भाईचारे का संदेश दिया। संघर्ष कमेटी के वक्ताओं ने स्वास्थ्य मंत्री के बयान को हांस्यास्पद बताते हुए कहा कि आज स्वास्थ्य मंत्री सिविल हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर की जमीन साढ़े 8 एकड़ बता रही है, जबकि पहले स्वास्थ्य मंत्री ने इसी जमीन को साढ़े 4 एकड़ बता चुकी है। एनएच-71 भगवानपुर की जमीन पर सिविल हॉस्पिटल बनाने के लिए सबसे उपयुक्त है, इसलिए सरकार ग्रामीणों की मांग का जल्द पूरा करें।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर इस मौके पर कॉमरेड राजेन्द्र सिंह, उदयराज नंबरदार, राजकुमार निमोठ, एडवोकेट रमेश चन्द, महीपाल फदनी, इन्द्रजीत, अभय सिंह, प्रताप सिंह, भगवान सिंह, नरेश, हुकमचन्द, गजराज सुनारिया, सतीश सरपंच प्रतिनिधि बुड़ानी, मोहर सिंह बुड़ानी, रामकुमार, इंद्रजीत नंबरदार, हरिओम, वीरेंद्र सिंह, कृष्णा सरपंच भगवानपुर, रमेश, शकुंतला, बसंती, शांति, मीना, ग्यारसी, कमलेश, ममता, राजबाला, निर्मला व कमला सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# जेपीएस ने स्टेट ताइक्वांडों चैंपियनशिप में जीते तीन पदक

- कविद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया
- विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रबंधन समिति व शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। पदक विजेता खिलाड़ी कोच व शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

सिरसा में संपन्न हुई दूसरी हरियाणा स्टेट सब जूनियर ताइक्वांडों चैंपियनशिप में जैन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने तीन कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रबंधन समिति व शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि सिरसा में 17 अगस्त तक आयोजित तीन दिवसीय चैंपियनशिप में ताइक्वांडों खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। ताइक्वांडों कोच दीपक पंडित के मार्गदर्शन में मुकुंद, देवांश व हितेन ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रबंधन समिति के साथ-साथ प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा व मुख्याध्यापिका विजय गुप्ता ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर खेल विभाग अध्यक्ष निशी यादव व टेबल टेनिस कोच रजनी गुप्ता भी उपस्थित थी।

# प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें: रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। स्कूल में विद्यार्थियों व ग्रामीणों को जानकारी देते हुए पुलिस टीम।

जिले को नशा मुक्त करने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। बुधवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव कमालपुर, कसोली व लालपुर में युवाओं व आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा नशा न करने की शपथ भी दिलाई।

उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है। समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना मिलती है या कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग या नशे की सप्लाई करता है तो पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या डायल 112 नंबर पर सूचित करें। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक नशे के विरुद्ध इस युद्ध में पुलिस का सहयोग करें। अगर किसी भी परिवार में कोई व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।

# नगर परिषद में बाजार के प्रधानों की बैठक अतिक्रमण व पार्किंग के मुद्दों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। बाजार के प्रधानों के साथ चर्चा करते डीएमसी। फोटो : हरिभूमि

बुधवार को नगर परिषद कार्यालय में शहर के सभी बाजार के प्रधानों की बैठक डीएमसी ब्रह्मप्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नगर परिषद एक्सईएन अंकित वशिष्ठ, ईओ सुशील कुमार व ट्रैफिक पुलिस एसएचओ राजकुमार भी उपस्थित थे। बैठक में अतिक्रमण, सफाई व्यवस्था, पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय एवं जर्जर सड़कों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि गोकलगेट स्थित सार्वजनिक टॉयलेट का उपयोग गोकलगेट, पंजाबी मार्केट, केवल बाजार, काठमंडी व रेलवे रोड के दुकानदारों सहित आम जनता करती है, लेकिन टॉयलेट छोटा होने के कारण सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने टॉयलेट के पीछे पड़ी की भूमि की जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर जमीन नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र में आती है तो उस पर आधुनिक सार्वजनिक शौचालय बनाया जा सकता है, जिससे जनता को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले को पहले भी राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के राष्टÑीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेन्द्र गुप्ता की अगुवाई में सभी प्रधानों की मौजूदगी में नगर परिषद चेयरपर्सन पूनम यादव को भी अवगत कराया जा चुका है, इसलिए शौचालय के पीछे की जमीन की जांच की जाए ताकि जनता को आधुनिक सुलभ शौचालय मिल सकें।

**प्रतियोगिता** डीएवी महिला महाविद्यालय में मटकी व बांसुरी अलंकरण प्रतियोगिता का आयोजन

# मटकी व बांसुरी प्रतियोगिता में मुस्कान बनी विजेता

### नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं का इंटर्नशिप सेमिनार आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। कोसली के डीएवी महिला महाविद्यालय में इंटर्नशिप सेमिनार में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

कोसली के डीएवी महिला महाविद्यालय में मटकी व बांसुरी अलंकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। गृहविज्ञान विभाग की व्याख्याता डा. प्रीति धनखड़ के मार्गदर्शन में आयोजित मटकी अलंकरण प्रतियोगिता में कुमारी मुस्कान बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम व कुमारी संजना तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

बांसुरी अलंकरण प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान कुमारी मुस्कान ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान कुमारी निशु रही। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं का इंटर्नशिप सेमिनार भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी बौद्धिकता का परिचय दिया। कॉमर्स विभाग की छात्राओं ने प्रेरणा एनजीओ के माध्यम से उपभोक्ताओं के शापिंग पैटर्न का अध्ययन किया तथा समाज में पड़ने वाले उनके दुष्प्रभावों पर भी परिचर्चा की। छात्राओं ने ज्यूडिशियल सिस्टम की कार्यप्रणाली, उसकी प्रोसिडिंग्स व डाक्यूमेंटशन से संबंधित अपने अध्ययन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इंटर्नशिप विभाग की सुपरवाइजर सुनीता कालरा, कंप्यूटर विभाग के प्रवक्ता मिस्टर प्रवीण व कोर्डिनेटर ने छात्राओं का मूल्यांकन किया। प्राचार्य डा. जयसिंह ने शिक्षा में नवाचार व स्किल डेवलपमेंट के पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कंप्यूटर विभाग के प्रवक्ता प्रवीण, कामर्स विभाग की व्याख्याता दीपा, वर्षा, कला संकाय की व्याख्याता विधाता, रजनी, मोतीलाल व कविता उपस्थित रहीं।

# उपभोक्ता फोरम ने धारूहेड़ा की हाउसिंग कंपनी पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- कंपनी पर समय पर फ्लैट न देने पर लगाया दो लाख का जुर्माना

जिला उपभोक्ता फोरम ने एमजी हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर आवेदक को फ्लैट समय पर न देने के कारण दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा कंपनी को फ्लैट बुक करने के लिए दी गई कुल राशि 14 लाख 98642 रुपये भी वापस करनी होगी। अलवर बाइपास निवासी राममूर्ति यादव ने धारूहेड़ा स्थित आनंदम आवास प्रोजेक्ट के तहत धारूहेड़ा के सेक्टर-19 में एक फ्लैट जी-26 एमजी हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड से बुक कराया था। इसके लिए उन्हें 3 मई 2018 को अलॉटमेंट लेटर कंपनी की तरफ से दिया गया था। इस फ्लैट के लिए शिकायतकर्ता राममूर्ति यादव ने 14 लाख 98642 रुपये कंपनी को अदा किए थे। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक से फ्लैट लेने के लिए 28 लाख 329 रुपये फाइनेंस भी कराए थे और यह राशि कंपनी को अदा की थी, लेकिन कंपनी ने मात्र 9 लाख 11494 ही शिकायतकर्ता को वापस दिए, क्योंकि आवास प्रोजेक्ट के तहत कोई भी फ्लैट बन नहीं पाया था। इस पर शिकायतकर्ता ने 10 प्रतिशत ब्याज सहित अपनी दी गई राशि कंपनी से वापस मांगी तो कंपनी ने 11 लाख 61723 रुपये शिकायतकर्ता को अदा नहीं किए, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने अपने अधिवक्ता अश्वनी तिवारी के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में 29 मई 2024 को शिकायत दायर की। शिकायत दायर करने के बाद कंपनी की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि वह कंपनी पैसे देने की स्थिति में नहीं है। उसका रिफंड 193621 रुपये के हिसाब से किस्तों में ले लिया जाए। इस पर जिला उपभोक्ता आयोग ने अपना निर्णय सुनाते हुए कहा कि शिकायतकर्ता की ओर से यह राशि एक साथ पूरा भुगतान अलॉटमेंट के समय किया गया था। कंपनी का यह कहना गलत है कि किस्तों में राशि अदा की जाएगी। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष संजय कुमार खंडूजा एवं राजेंद्र प्रसाद ने कंपनी से शिकायतकर्ता को 11 लाख 61723 राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज सहित वापस लौटने और मानसिक तथा शारीरिक हर्जाने के तौर पर दो लाख रुपये व वाद खर्च में 21000 रुपये 30 दिन के अंदर अदा करने के आदेश जारी किए हैं।